Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

>

Title : Need to provide civic amenities at the religious places of Kalyani Devi and Pariyar in Unnao district, Uttar Pradesh with a view to promote tourism in the region.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद मुख्यालय उन्नाव में कल्याणी देवी मंदिर और इसके निकटवर्ती क्षेत्र परियर बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। यहां पर देश के ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों से भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। इन दोनों धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है। ऐसा मान्यता है कि परियर में लव और कुश ने प्रवास किया था। इस प्रकार से इन दोनों धार्मिक स्थलों का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन दोनों धार्मिक स्थलों पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कल्याणी देवी मंदिर और परियर धार्मिक स्थलों के महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने, अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थापित करने, दोनों धार्मिक स्थलों को राजधानी दिल्ली से एक्सप्रेस रेलगाडी से जोडने, सडक के माध्यम से राट्रीय राजमार्ग द्वारा जोडने के साथ साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु समुचित कदम उठायें।